PIONEER PAGE 3

# एलयू में ऑनलाइन ऑफ कैम्पस स्नातक काउंसिलिंग आज से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना काल मे स्नातक की कक्षाओं में प्रवेश को लेकर मंगलवार से लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले की दौड़ शुरू हो जाएगी। नए सत्र में प्रवेश के लिए स्टूडेंट्स 28 सितंबर तक ऑनलाइन आफ कैम्पस काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके साथ ही स्टूडेंट्स 29 सितंबर तक अपनी पसंद के सीटों के लिए च्वाइंस फिलिंग कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार काउंसिलिंग की प्रक्रिया में स्टूडेंट्स को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिए कुछ काउंसिलिंग प्रक्रिया की वीडियों रिकॉर्ड कर एलयू की वेबसाइट पर डाली गई है। उन्होंने बताया कि जिन स्टूडेंट्स को मेरिट सूची में रैंक आवंटित की गई है वह ऑनलाइन काउसिलिंग में भाग ले सकते हैं। स्टूडेंट्स को लॉगिन कर जो निर्देश ऑनलाइन पोर्टल पर मिलेंगे उसके माध्यम से रजिस्ट्रेशन करना होगा। स्टूडेंट्स को काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए 1200 रुपए का फीस भी जमा करना होगा। इसमें 200 रुपए काउंसिलिंग फीस और 1000 रुपए मूल फीस का होगा। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सुझाव दिया है कि स्टूडेंट्स पोर्टल पर दर्शाये गए बैंक खाते के विवरण की जांच कर लें और यदि इस विवरण में कोई त्रुटि हो तो इसे सावधानी पूर्वक संशोधित कर ले। बता दें कि इस बार यूनिवर्सिटी की ओर से सेंट्रलाइज्ड काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लखनऊ विवि में आज से यूजी प्रवेश काउंसलिंग

## अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वीडियो भी उपलब्ध कराए गए

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए कांउसलिंग की शुरुआत मंगलवार दोपहर दो बजे से होगी। कांउसलिंग प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन ऑफ कैंपस प्रणाली पर होगी। कांउसलिंग में शामिल होने के लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 28 सितंबर रखी गई है। अभ्यर्थी 29 सितंबर को रात 12 बजे तक अपने विकल्प भर सकेंगे।

लविवि ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रिकॉर्डेड वीडियो भी उपलब्ध कराए हैं। सलाह दी है कि कांउसलिंग के लिए दिए गए दिशानिर्देशों को अच्छी तरह से पढ़ने के बाद ही प्रक्रिया शुरू करें। अभ्यर्थियों को कांउसलिंग में शामिल होने के लिए 200 रुपये फीस और एक हजार रुपये एडवांस फीस भी जमा करनी होगी। सीट आवंटित न होने पर उनकी फीस उनके दिये हुए बैंक खाते में सीधे भेज दी जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे इसका सही विवरण भरें।

अभ्यर्थियों को काउंसलिंग फीस और एडवांस फीस जमा करने के बाद विकल्पों का चुनाव करना होगा। इस साल लविवि में परिसर के साथ ही 68 कॉलेजों के दाखिले भी किए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के अनुसार विषय और कॉलेज के विकल्प भरने होंगे। अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार कई विकल्प दे सकते हैं। लविवि ने निचले रैंक के अभ्यर्थियों को अधिक विकल्प देने की सलाह दी है, जिससे कि उन्हें सीट मिल सके। अभ्यर्थी द्वारा भरे गए विकल्प अंतिम सबमिशन तक किसी भी समय पुनर्व्यवस्थित किए जा सकते हैं। अभ्यर्थियों को लॉक किए बिना भी सबमिट किए गए विकल्पों का प्रिंट आउट लेने की सुविधा दी गई है, जिससे कि वे जमा करने से पहले एक बार पढ़कर सुनिश्चित कर सकें कि उनके विकल्प सही हैं या नहीं। विकल्प कई सत्रों में भरे जा सकते हैं। लॉगआउट करने से पहले इन विकल्पों को सहेजने का भी विकल्प है। यदि किसी अभ्यर्थी ने विकल्प प्रस्तुत किया है, लेकिन पसंद भरने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद लॉक नहीं किया गया है, तो वह सीट आवंटन से पहले स्वचालित रूप से लॉक हो जाएगी।

## पीएचडी साक्षात्कार में देना होगा प्रस्तावित शोध का प्रजेंटेशन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 26 सितंबर से शुरू होने वाले पीएचडी साक्षात्कार में अभ्यर्थियों को अपने प्रस्तावित शोध का प्रजेंटेशन भी देना होगा। साक्षात्कार चार स्लॉट में आयोजित होगा। लविवि ने सोमवार को साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें विद्यार्थीवार साक्षात्कार का समय और उनका स्लॉट भी घोषित कर दिया है। अभ्यर्थियों को आवंटित समय पर अपने विभाग पहुंचना होगा।

पीएचडी साक्षात्कार 30 अंकों का है। इससे पहले 70 अंकों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन हो चुका है। इसमें 50 परिक्षार्थी साक्षात्कार का हो सकेंगे। इसमें 50 परिक्षार्थी साक्षात्कार को शामिल किया जा रहा है। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को उनके सभी रीसर्चफ प्रमाणपत्रों के साथ प्रस्तावित विषय का प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत करना होगा। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से आधा घंटा पहले रिपोर्ट करना होगा। विवि में पीएचडी के साक्षात्कार 26 से 30 सितंबर के बीच आयोजित होंगे। लविवि में पीएचडी की 492 सीटों पर दाखिले के लिए 5,260 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। वाणिज्य और कला संकायों के लिए प्रवेश परीक्षा 16 और 17 मार्च और विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला संकायों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन एक सितंबर को हुआ था।

### स्लॉट और समय

| | |
|---|---|
| पहला स्लॉट | सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक |
| दूसरा स्लॉट | सुबह 11 बजे से 12.30 बजे तक |
| तीसरा स्लॉट | दोपहर 1.30 बजे से 3 बजे तक |
| चौथा स्लॉट | दोपहर 3.30 बजे से 5 बजे तक |

### साथ ले जाएं ये प्रमाण पत्र

रिसर्च प्रपोजल, एप्लीकेशन फॉर्म, एडमिट कार्ड, सभी अंकपत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटो आईडी, सब-कैटेगरी प्रमाण पत्र।

### पीएचडी पर विवाद का साया

लखनऊ। लविवि में कई महीने बाद शुरू हुए पीएचडी प्रवेश पर विवाद के बादल मंडराने लगे हैं। लविवि में 26 सितंबर से पीएचडी के साक्षात्कार शुरू होने हैं। साक्षात्कार संबंधित विभाग में होने हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री के अनुसार पीएचडी आर्डिनेंस के अनुसार साक्षात्कार विभाग की डीआरसी यानी डिपार्टमेंट रिसर्च कमेटी को लेना है। लेकिन एडमिशन कोआर्डिनेटर की ओर से विभागों को जो पत्र भेजा गया है, उसमें डिपार्टमेंटल कमेटी की बात कही गई है। डिपार्टमेंटल कमेटी के बाहर के दो विशेषज्ञ रखने की बात कही गई है। लहरा महामंत्री डा. वितीत वर्मा के अनुसार लविवि पीएचडी आर्डिनेंस से अलग नहीं जा सकता। इसकी शिकायत कुलसचिव से की गई है। अगर इसे नहीं बदला गया तो फिर इसका विरोध किया जाएगा।

JAGRAN CITY PAGE II

# स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग आज से

केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय व उससे संबद्ध 68 कॉलेजों के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो रही है। यह ऑफ कैंपस काउंसिलिंग ऑनलाइन होगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि काउंसिलिंग दोपहर दो बजे शुरू होगी।

सभी अभ्यर्थी काउंसिलिंग के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ लें। इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए वीडियो को भी देखें। ये सभी अभ्यर्थी जिनका नाम मेरिट सूची में है, वे काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। पूरी प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल हैं।

डा. श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त प्रक्रिया के प्रथम चरण में पंजीकरण होगा। इसके तहत अभ्यर्थियों को पहले रिफंड के लिए बैंक विवरण की जांच करनी होगी। उन्हें यहां सही डेटा दर्ज करना होगा। इसके बाद व्यक्तिगत विवरणों को देखने के उपरान्त यहां अभ्यर्थी यह घोषणा करते हैं कि उन्होंने जिस कार्यक्रम में आवेदन किया है उसकी पात्रता शर्तें पढ़ ली हैं और खुद को कार्यक्रम के लिए योग्य पाया है और काउंसलिंग के दिशा-निर्देशों को भी ध्यान से पढ़ा है। इसके बाद उन्हें 200 रुपए की काउंसलिंग फीस जमा करनी होगी व 1000 रुपए और अग्रिम पाठ्यक्रम शुल्क भी जमा करना होगा। दूसरे चरण में अभ्यर्थी को विकल्पों का चुनाव करना होगा। इसके तहत अभ्यर्थियों को फिर अपनी पसंद के अनुसार विकल्पों को भरना होगा। काउंसलिंग के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के अनुसार विषय/कॉलेज के अपने विकल्पों को भरना होगा। अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार कई विकल्प दे सकते हैं। विकल्प कई सत्रों में भरे जा सकते हैं। लॉगआउट करने से पहले इन विकल्पों को सहेजने का भी विकल्प है। सहेजा नहीं गया तो सिस्टम से विकल्पों की सूचना खो जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा भरे गए विकल्प अंतिम हैं और एक बार बंद होने के बाद उन्हें बदला नहीं जा सकता। अभ्यर्थी लॉक किए बिना भी सबमिट किए गए विकल्पों में से एक प्रिंट आउट ले सकते हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि वे जमा करने से पहले एक बार पढ़कर सुनिश्चित कर सकें कि उनके विकल्प सही हैं या नहीं, या वे भरे गए विषय/कॉलेज के अनुक्रम पर निर्णय भी ले सकें। विकल्प कई सत्रों में भरे जा सकते हैं, लॉग आउट करने से पहले इन विकल्पों को सेव करने का भी विकल्प है। सेवन नहीं किया गया तो सिस्टम से विकल्पों की सूचना हट जायेगी। छात्र द्वारा भरे गये विकल्प अंतिम हैं और एक बार बंद होने के बाद उन्हें बदला नहीं जा सकता है। छात्र अपने लॉगिन के माध्यम से भरे गये विकल्पों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि किसी छात्र ने विकल्प प्रस्तुत किया है लेकिन पसंद भरने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद लॉक नहीं किया गया है, तो यह सीट आवंटन से पहले स्वचालित रूप से लॉक हो जाएगा। यदि छात्र ने काउंसलिंग के लिए पंजीकरण किया है, लेकिन विकल्प प्रस्तुत नहीं किया है, तो उसे सीट आवंटन के लिए योग्य नहीं माना जायेगा।

### चरणवार प्रक्रिया

**प्रथम चरण : पंजीकरण**

- अभ्यर्थियों को पहले रिफंड के लिए बैंक विवरण की जांच करनी होगी। उन्हें यहां सही डाटा दर्ज करना होगा।
- इसके बाद व्यक्तिगत विवरणों को देखने के बाद अभ्यर्थी यह घोषणा करेंगे कि उन्होंने जिस कार्यक्रम में आवेदन किया है उसकी पात्रता शर्तें पढ़ ली हैं और खुद को कार्यक्रम के लिए योग्य पाया है।
- उन्हें 200 रुपये की काउंसिलिंग फीस जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त एक हजार रुपये का अग्रिम पाठ्यक्रम शुल्क भी जमा करना होगा।

**दूसरा चरण : विकल्पों का चयन**

- अपनी पसंद के अनुसार विषय/कॉलेज के विकल्पों को भरना होगा।
- अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार कई विकल्प दे सकते हैं।
- निचली रैंक के अभ्यर्थियों को अधिक विकल्प देने की सलाह दी जाती है ताकि वे आवंटन से वंचित न रहें।
- विकल्प अंतिम सबमिशन तक किसी भी समय पुनर्व्यवस्थित किए जा सकते हैं।
- लॉक किए बिना भी सबमिट किए गए विकल्पों का प्रिंट आउट ले सकेंगे। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि वे जमा करने से पहले एक बार पढ़कर सुनिश्चित कर सकें कि उनके विकल्प सही हैं या नहीं, या वे भरे गए विषय/कॉलेज के अनुक्रम पर निर्णय भी ले सकें।
- विकल्प कई सत्रों में भरे जा सकते हैं। लॉगआउट करने से पहले इन विकल्पों को सहेजने का भी विकल्प है। सहेजा नहीं गया तो सिस्टम से विकल्पों की सूचना खो जाएगी।
- अभ्यर्थी द्वारा भरे गए विकल्प अंतिम हैं।
- एक बार बंद होने के बाद उन्हें बदला नहीं जा सकता।
- अभ्यर्थी अपने लॉगिन के माध्यम से भरे गए विकल्पों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।
- यदि किसी अभ्यर्थी ने विकल्प प्रस्तुत किया है, लेकिन पसंद भरने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद लॉक नहीं किया गया है, तो वह सीट आवंटन में पहले ऑटोमेटिक लॉक हो जाएगी।
- यदि अभ्यर्थी ने काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण किया है, लेकिन विकल्प प्रस्तुत नहीं किया है, तो उसे सीट आवंटन के लिए नहीं माना जाएगा।

### बीए और बीए (ऑनर्स) के लिए दिशा-निर्देश

- अभ्यर्थियों को पहले बीए और बीए (ऑनर्स) के बीच चयन करना होगा। साथ ही इन्हें उनकी प्राथमिकता के अनुसार व्यवस्थित करना होगा।
- अभ्यर्थियों को फिर अपनी पसंद के संस्थान का चयन करना होगा और उन्हें अपनी पसंद के अनुसार व्यवस्थित करना होगा।
- इसके बाद सभी विषयों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के अनुसार विषयों को चुनना होगा और उन्हें सावधानीपूर्वक व्यवस्थित करना होगा।

### ऑनलाइन ऑफ कैंपस काउंसिलिंग की अनुसूची

- पंजीकरण और च्वाइस फिलिंग की शुरुआत : 22 सितंबर, 2020 को दोपहर दो बजे से
- पंजीकरण की अंतिम तिथि : 28 सितंबर की मध्यरात्रि तक
- च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि : 29 सितंबर की मध्यरात्रि तक

### पीजी के पाठ्यक्रमों में मेरिट से होंगे दाखिले

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पीजी के कई पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर दाखिले किया जाएगा। पाठ्यक्रमों की सूची विवि ने जारी की है, जिनमें लिखित परीक्षा न कराकर मेरिट के आधार पर इस सत्र दाखिले होंगे।

दरअसल, लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी के तमाम पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए उपलब्ध सीटों की तुलना में इस बार खूब आवेदन आए हैं। वहीं, कुछ ऐसे भी हैं जिनमें सीटों के सापेक्ष बेहद कम आवेदन मिले। ऐसे में इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा कराए जाने का कोई औचित्य नहीं। इसके चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने मेरिट के आधार पर प्रवेश लेने का निर्णय लिया है।

**इन कोर्सों में होंगे प्रवेश**

एमए (असल कल्चर)
एमए (अरेबिक)
एमए (डिफेंस स्टडी)
एमए (लिंग्विस्टिक)
एमए (मॉडर्न अरेबिक)
एमए (पर्शियन)
एमए (संस्कृत)
एमए (उर्दू)
एमए (पापुलेशन स्टडी)
एमएससी (बीयोस्टेटिस्टिक्स)

**इन कोर्स की सेल्फ फाइनेंस सीटें पर नहीं होंगे एडमिशन**

एमए (बिजनेस इकोनॉमिक्स),
एमए (प्रेंच), एमए (वुमेन स्टडी)
एमएससी (मास कम्युनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी)

TOI PAGE 2

# LU aspirants can lock BA choices from today

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The online off campus counselling for admissions in BA and BA (honours) courses of Lucknow University and its associated colleges will be held from September 22.

Total seats in BA in LU are 1,210 and in BA(Hons) 380. About 68 colleges associated with it have around 20,000 seats and will also take admissions through the counselling conducted by the university. It is for the first time that LU is conducting a centralised admission for itself and some of its affiliated colleges.

LU spokesperson said all candidates should go through the counselling guidelines and videos available on the university's website. Candidates whose names are in the merit list can participate in the process which comprises two steps — registration and filling choice of subjects.

The process of registration and choice filling will start at 2pm on September 22. Registrations can be done till midnight of September 28 and choice filling till September 29 midnight.

For registrations, candidates will have to first check the details for refunds, if any, and enter correct data. They also need to view personal details mentioned before their names and declare that they have read the eligibility conditions properly. Thereafter, candidates will have to submit the counselling fee of Rs 200 and advance course fee of Rs 1,000.

After the step 2, i.e, choice filling, candidates registered for counselling have to first fill their choices of subjects/colleges according to their preferences. They can give as many choices as they want. Lower rank candidates are advised to give more choices so that they are not denied allotment. choices can be rearranged any number of times till final submission if they have not locked them.

Candidates can take a printout of the submitted choices even without locking. This is being done so that they can go through it and decide on the sequence of subject/college that they want. Choices can be filled in multiple sessions. There is an option to save these choices before logging out. Data not saved will be lost, said the spokesperson.

LU spokesperson also said that the choices filled by the candidate are final and cannot be changed once locked. The candidate themselves will be responsible for choices filled through their login. If a candidate has submitted the choices but not locked after the last date of choice filling is over, it will automatically be locked before seat allotment. If the candidate has registered for counseling but not submitted the choices, she/he would not be considered for seat allotment.

NBT PAGE 4

## चार पीजी पाठ्यक्रमों पर लगेगा ताला, 12 में नहीं होगी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक स्तर पर कम आवेदन होने की वजह से इस साल चार पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं होगा। वहीं 12 पीजी पाठ्यक्रमों में सीटों से कम आवेदन होने की वजह से इस साल प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। इनमें आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को दाखिला मिल जाएगा।लविवि में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों का खर्च उनसे मिली फीस से ही निकाला जाता है। लविवि में इस बार एमबीई, एमए फ्रेंच, एमए वीमेन स्टडीज और एमएससी मास कम्युनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी में सीटों के मुकाबले 40 फ़ीसदी भी आवेदन नहीं आए हैं। लविवि के नियमों के अनुसार 40 फीसदी से कम आवेदन आने पर उस साल पाठ्यक्रम का संचालन नहीं किया जाता है। इसकी वजह से इस साल के लिए इन चारों पाठ्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। इसी तरह लविवि में 12 ऐसे पाठ्यक्रम है जिनमें सीट के मुकाबले कम आवेदन आए हैं। ऐसे में आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को दाखिला मिलना तय है। इसको देखते हुए लविवि ने इन पाठ्यक्रम में इंटर प्रवेश परीक्षा न करने का फैसला किया है। ये पाठ्यक्रम हैं- आचार्य, एमए अरब कल्चर, एमए अरेबिक, एमए डिफेंस स्टडीज, एमए लिंग्विस्टिक, एमए मॉडर्न अरेबिक, एमए पर्शियन, एमए फिलासफी, एमए संस्कृत, एमए उर्दू, एमए पापुलेशन स्टडीज, एमएससी बायोस्टेट। इनमें आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सीधे दाखिला मिल जाएगा।

## एलयू: पीजी के कुछ कोर्सों में मेरिट से होंगे दाखिले

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परास्नातक के करीब एक दर्जन पाठ्यक्रमों की सूची जारी कर दी है, जिनमें मेरिट के आधार पर दाखिले लिए जाएंगे। हालांकि, एलयू प्रशासन ने परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा करवाने का निर्णय लिया था।

**ये है कारण:** लविवि के परास्नातक के कई पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए उपलब्ध सीटों की तुलना में इस चार वंपर आवेदन आए हैं। वहीं, कुछ ऐसे भी पाठ्यक्रम हैं जिनमें सीटों के मुकाबले बहुत ही कम आवेदन हुए हैं। ऐसे में इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं करवाने का निर्णय लिया गया है।

i-NEXT PAGE 4

आज से लखनऊ यूनिवर्सिटी में यूजी एडमिशन प्रक्रिया होगी शुरू

# ऑनलाइन होगी पूरी काउंसिलिंग

**लखनऊ यूनिवर्सिटी ने काउंसिलिंग की जानकारी के लिए जारी किया वीडियो**

Lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (21 Sept):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के यूजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए स्टूडेंट 28 सितंबर तक काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. उन्हें 29 सितंबर तक सीटों के लिए च्वाइस फिलिंग करना होगा. एलयू ने मंगलवार से प्रस्तावित ऑनलाइन काउंसिलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया है. एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि काउंसिलिंग में स्टूडेंट्स को दिक्कत न हो इसलिए कुछ काउंसिलिंग के वीडियो एलयू की वेबसाइट पर डाले गए हैं. अधिक जानकारी www.lkouniv.ac.in/online-counselling/ लिंक से ले सकते हैं.

**पोर्टल से रजिस्ट्रेशन**

डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि मेरिट लिस्ट में रैंक आवंटित होने वाली स्टूडेंट ऑनलाइन काउंसिलिंग में हिस्सा ले सकते हैं. स्टूडेंट्स को लॉगइन कर जो निर्देश पोर्टल पर मिलें, उसी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करें. उन्हें काउंसिलिंग के लिए 12 सौ रुपए जमा करने होंगे. इसमें काउंसिलिंग की फीस 200 रुपए और एक हजार रुपए मूल फीस है.

CONCEPT PIC

**यूजी और यूजी ऑनर्स के लिए**

- स्टूडेंट्स को पहले बीए और बीए ऑनर्स के बीच चयन करना होगा
- पसंद के संस्थान का चयन करना होगा
- इसके बाद विषयों को चुनना होगा

**महत्वपूर्ण डेट**

- रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग की शुरुआत- 22 सितंबर, दोपहर 2 बजे
- रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट- 28 सितंबर, मध्यरात्रि
- च्वाइस फिलिंग की लास्ट डेट- 29 सितंबर, मध्यरात्रि

**काउंसिलिंग की प्रक्रिया**

**पहला चरण- रजिस्ट्रेशन**

स्टूडेंट्स को पहले रिफंड के लिए बैंक विवरण की जांच करनी होगी. उन्हें यहां सही डाटा दर्ज करना होगा. इसके बाद व्यक्तिगत विवरण देखने के बाद घोषणा करनी होगी कि उन्होंने जिस कोर्स में आवेदन किया है उसकी पात्रता शर्त पढ़ ली है और काउंसिलिंग के दिशा-निर्देशों को भी पढ़ा है. इसके बाद उन्हें 200 रुपए काउंसिलिंग फीस जमा करनी होगी और 1000 रुपए अग्रिम कोर्सस फीस जमा करनी होगी.

**दूसरा चरण- विकल्पों का चयन**

स्टूडेंट्स को अपनी पसंद के विषय और कॉलेज विकल्प में भरने होंगे. वे कई विकल्प भी दे सकते हैं. विकल्प में अंतिम सबमिशन तक संशोधन किया जा सकता है. वे विकल्प लॉक किए बिना भी इसका प्रिंट ले सकते हैं. अगर आप ने विकल्प भरने के बाद उसे सेफ नहीं किया तो सिस्टम से विकल्पों की सूचना हट जाएगी. विकल्प फाइनल सेफ करने के बाद बदले नही जा सकेंगे. किसी स्टूडेंट्स ने विकल्प प्रस्तुत किया है, लेकिन पसंद भरने की लास्ट डेट खत्म होने के बाद लॉक नही किया है, तो यह सीट आवंटन से पहले स्वचालित रूप से लॉक हो जाएगी. वही अगर स्टूडेंट्स ने काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन किया है, लेकिन विकल्प प्रस्तुत नही किया तो उसे सीट आवंटन के लिए योग्य नही माना जाएगा.

# पीजी के एक दर्जन कोर्स में मेरिट पर एडमिशन

Lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (21 Sept):** लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पीजी के विभिन्न कोर्सों में एडमिशन को लेकर प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम जारी करने के साथ ही उन कोर्सों की भी सूची जारी की जिनमें मेरिट पर एडमिशन लिया जाएगा. ऐसे कोर्सों की संख्या एक दर्जन के करीब है.

**यह है कारण**

एलयू में कई कोर्स ऐसे हैं जहां इस बार सीटों से भी कम आवेदन आए हैं. ऐसे में यहां एडमिशन के लिए एग्जाम कराने का कोई तुक नहीं है. इसे देखते हुए ही यूनिवर्सिटी प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

**एलयू में कई कोर्स में सीटों से भी कम आए आवेदन**

**इन कोर्स में मेरिट से एडमिशन**

– एमए बायोस्टैटिस्टिक्स, एमए मैथमेटिक्स, दबीर ए माहिर, मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट स्कल्पचर, एमएससी (मास कम्युनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एमए एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी (एंथ्रोपोलॉजी), मास्टर इन पापुलेशन स्टडी , मास्टर इन बिजनेस इकोनॉमिक्स, एमए वीमेन स्टडीज, एमए (फ्रेंच), एमए डिफेंस स्टडी, एमए अरब कल्चर, आचार्य, शास्त्री.

MISSION ADMISSION
BENNETT UNIVERSITY
TIMES OF INDIA GROUP

all candidates should go through the counselling guidelines and videos available on the university's website. Candidates whose names are in the merit list can participate in the process which comprises two steps — registration and filling choice of subjects.

The process of registration and choice filling will start at 2pm on September 22. Registrations can be done till midnight of September 28 and choice filling till September 29 midnight.

For registrations, candidates will have to first check the details for refunds, if any, and enter correct data. They also need to view personal details mentioned before their names and declare that they have read the eligibility conditions properly. Thereafter, candidates will have to submit the counselling fee of Rs 200 and advance course fee of Rs 1,000.

After the step 2, i.e, choice filling, candidates registered for counselling have to first fill their choices of subjects/colleges according to their preferences. They can give as many choices as they want. Lower rank candidates are advised to give more choices so that they are not denied allotment. choices can be rearranged any number of times till final submission if they have not locked them.

Candidates can take a printout of the submitted choices even without locking. This is being done so that they can go through it and decide on the sequence of subject/college that they want. Choices can be filled in multiple sessions. There is an option to save these choices before logging out. Data not saved will be lost, said the spokesperson.

LU spokesperson also said that the choices filled by the candidate are final and cannot be changed once locked. The candidate themselves will be responsible for choices filled through their login. If a candidate has submitted the choices but not locked after the last date of choice filling is over, it will automatically be locked before seat allotment. If the candidate has registered for counseling but not submitted the choices, she/he would not be considered for seat allotment.

HINDUSTAN PAGE 6

नियमित और सेल्फ फाइनेंस के इन पाठ्यक्रमों में स्नातक के अंकों के आधार पर प्रवेश मिलेगा

# पीजी के 16 पाठ्यक्रमों में सीधे दाखिले

**लखनऊ विवि**

लखनऊ। वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के 16 पाठ्यक्रमों में सीधे दाखिले लेने का फैसला लिया है। इनमें, नियमित और सेल्फ फाइनेंस दोनों ही तरह के पाठ्यक्रम हैं। इनमें प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को कोई प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी। स्नातक के अंकों के आधार पर ही प्रवेश दे दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश का आगे का कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा।

**अन्य में 10 अक्टूबर से प्रवेश परीक्षा**

विश्वविद्यालय की ओर से अन्य परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 10 अक्तूबर से प्रवेश परीक्षा कराने का फैसला लिया है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसका विस्तृत कार्यक्रम भी अपलोड किया गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि एक से अधिक कार्यक्रमों में आवेदन करने वाले आवेदकों द्वारा चुने विषयों के किसी भी ओवरलैप समाप्त करने के लिए सभी प्रयास किए हैं। फिर भी केवल लखनऊ प्रवेश प्रक्रिया के भीतर ओवरलैप है तो आवेदक ईमेल uoladmissions2020@gmail.com पर 22 सितंबर तक सूचित करें।

**इन पाठ्यक्रमों में नहीं होगी प्रवेश परीक्षा**

● आचार्य ● एमए अरब कल्चर ● एमए अरेबिक ● एमए रक्षा अध्ययन ● एमए ● लिंग्विस्टिक्स ● एमए मॉडर्न अरेबिक ● एमए पर्शियन ● एमए संस्कृत ● एमए उर्दू ● एमए (पॉपुलेशन स्टडी) ● एमएससी बायोस्टेटिक्स

**इन सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों में भी मिलेगा सीधे प्रवेश :**

● एमए बिजनेस इकोनॉमिक्स ● एमए फ्रेंच ● एमए वुमन स्टडीज और एमएससी मास कॉम इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी शामिल हैं।



**शिक्षक पद में संशोधन**

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षक भर्ती के लिए मांगे गए आवेदनों में पद में संशोधन किया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 16 सितम्बर को विभिन्न विभागों में आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदों की सूचना जारी की थी। इसमें क्रम संख्या 32 पर अंकित आचार्य (प्योर एप्लोनॉमी ) का पद दिखाया गया। यह त्रुटिवश चला गया था। यह शास्त्र में आचार्य (प्यूर मैथेमेटिक्स) का पद है।

## स्नातक की ऑनलाइन काउंसलिंग आज से

लखनऊ। वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिए मंगलवार से प्रस्तावित ऑनलाइन ऑफ कैम्पस काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत 28 सितम्बर तक अभ्यर्थी काउंसलिंग के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। दाखिले के लिए विकल्प चुनने का अन्तिम मौका 29 सितम्बर रात 12 बजे तक मिलेगा। अभ्यर्थियों की मदद के लिए विश्वविद्यालय की ओर से वीडियो भी जारी किए हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि lkouniv.ac.in/online-counselling/ पर जाकर अभ्यर्थी सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**12** सौ रुपये शुल्क देना होगा छात्र-छात्राओं को

**01** हजार अग्रिम और 200 काउंसलिंग शुल्क

**सूचनाएं जांच लें**

● विवि प्रशासन ने सुझाव दिया है कि अभ्यर्थी पोर्टल पर दर्शाये बैंक खाते के विवरण की जांच कर लें और यदि कोई त्रुटि हो तो संशोधित कर दें।
● विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि वे अभ्यर्थी जिन्हें मेरिट सूची में रैंक आवंटित की गई है, ऑनलाइन काउसलिंग में भाग ले सकते हैं।

**पीएचडी साक्षात्कार**

**15 अंक शोध प्रस्ताव के**

लविवि में पीएचडी प्रवेश के लिए होने वाले 30 अंकों के साक्षात्कार में 15 अंक शोध प्रस्ताव पर आधारित रहेंगे। बचे हुए 15 अंक अभ्यर्थी के विषय संबंधी ज्ञान के आधार पर दिए जाएंगे। 26 सितम्बर से प्रस्तावित साक्षात्कार को लेकर विवि प्रशासन की ओर से सोमवार को यह निर्देश जारी किए गए। लविवि ने सोमवार को साक्